# MP BOARD CLASS 12 PAPER 2014

# भूगोल

**प्रश्न 1.** सही विकल्प चुनकर लिखिए— **5 × 1 = 5**

(i) मानव भूगोल के जन्मदाता कहे जाते हैं :

(अ) ब्लाश, (ब) डेविस,

(स) रेटजेल, (द) हंटिंगटन।

(ii) भारत के किस राज्य में जनसंख्या घनत्व अधिक है ?

(अ) पश्चिम बंगाल, (ब) मध्य प्रदेश,

(स) बिहार, (द) केरल।

(iii) विराटनगर है :

(अ) दिल्ली, (ब) इन्दौर,

(स) भोपाल, (द) रायपुर।

(iv) धार्मिक नगर है :

(अ) भोपाल, (ब) उज्जैन,

(स) जबलपुर, (द) ग्वालियर।

(v) मनुष्य के लिए कितने डेसाबल की ध्वनि सहनीय है ?

(अ) 50-60 (ब) 80-90

(स) 120-150 (द) 160-180.

**उत्तर**—(i) (स), (ii) (स), (iii) (अ), (iv) (ब), (v) (अ)।

**प्रश्न 2.** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : **5 × 1 = 5**

(i) सड़क किनारे या नदी किनारे ग्रामीण बस्ती .............. कहलाती है।

(ii) विनिर्माण उद्योग को .............. व्यवसाय भी कहा जाता है।

(iii) विश्व का सबसे ऊँचा रेलमार्ग .............. है।

(iv) विश्व में जनसंख्या की दृष्टि से .............. देश का प्रथम स्थान है।

(v) भारत में विविधता में .............. है।

**उत्तर**—(i) रेखीय प्रतिरूप, (ii) गौण, (iii) कैनेडियन पैसिफिक, (iv) चीन, (v) एकता।

**प्रश्न 3.** प्रत्येक का *एक शब्द/वाक्य* में उत्तर दीजिए : **5 × 1 = 5**

(i) किस खनिज को 'जैक ऑफ ऑल ट्रेड्स' कहते हैं ?

(ii) भिलाई एवं जमशेदपुर किस प्रकार के नगर का उदाहरण है ?

(iii) भारत में ग्रान्ड ट्रंक रोड किसने बनवाया ?

(iv) इंटरनेट का पूरा नाम बताइए।

(v) ध्वनि प्रदूषण किसे कहते हैं ?

**उत्तर**— (i) मैंगनीज, (ii) औद्योगिक नगर, (iii) शेरशाह सूरी, (iv) इंटरनेशनल नेटवर्क, (v) शोर को ध्वनि प्रदूषण कहते हैं।

**प्रश्न 4.** निम्नलिखित की सही जोड़ी बनाइए— **5 × 1 = 5**

(i) सबसे लम्बी गैस पाइपलाइन (a) केरल

(ii) वस्तुओं का क्रय-विक्रय (b) हजीरा-विजयपुर-जगदीशपुर

(iii) यूरेनियम (c) व्यापार

(iv) बॉम्बे हाई (d) ग्रीनहाउस

(v) कार्बन डाइ-ऑक्साइड (e) पेट्रोलियम।

**उत्तर**– **(i)** → (b), **(ii)** → (c), **(iii)** → (a), **(iv)** → (e), **(v)** → (d).

**प्रश्न 5.** मानव भूगोल की उपयुक्त परिभाषा लिखिए। **2**

*अथवा*

मानव भूगोल के अर्थ को समझाइए।

**प्रश्न 6.** बस्ती से क्या तात्पर्य है ? *अथवा* **2**

ग्रामीण बस्तियों के प्रतिरूपों के नाम लिखिए।

**प्रश्न 7.** भारत में नगरीकरण के **दो** महत्वपूर्ण कारण लिखिए। **2**

*अथवा*

ग्रामीण अधिवास की कोई **दो** प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।

**प्रश्न 8.** पर्यावरण प्रदूषण का अर्थ क्या है ? समझाइए। **2**

*अथवा*

वायु प्रदूषण के **दो** स्रोत बताइए।

**प्रश्न 9.** जनसंख्या घनत्व को प्रभावित करने वाले मुख्य **चार** कारण लिखिए। **4**

*अथवा*

क्या कारण है कि आस्ट्रेलिया भारत से क्षेत्रफल में 2½ गुना बड़ा है लेकिन जनसंख्या अपेक्षाकृत कम है ?

**प्रश्न 10.** मानव के तृतीयक क्रियाकलापों की कोई **चार** विशेषताएँ लिखिए। **4**

*अथवा*

औद्योगिक समस्याओं के समाधान के कोई **चार** प्रमुख उपाय लिखिए।

**प्रश्न 11.** स्वेज नहर के **चार** व्यापारिक महत्त्व लिखिए। **4**

*अथवा*

पनामा नहर के **चार** व्यापारिक महत्त्व लिखिए।

**प्रश्न 12.** भारत में जनसंख्या वृद्धि को सीमित रखने के उपाय लिखिए। **4**

*अथवा*

भारत में "गंगा की मध्य घाटी में जनसंख्या घनत्व अधिक है," क्यों ?

**प्रश्न 13.** वर्षा जल संग्रहण की किन्हीं **चार** विधियों का वर्णन कीजिए। **4**

*अथवा*

भारतीय कृषि की कोई **चार** प्रमुख समस्याएँ लिखिए।

**प्रश्न 14.** जीविकोपार्जन (निर्वाह) कृषि क्या है ? जीविकोपार्जन कृषि की प्रमुख विशेषताएँ बताइए। *अथवा* **5**

लोह-इस्पात उद्योग के विश्व-वितरण को लिखिए।

**प्रश्न 15.** दिये गये विश्व के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए : **5**

(i) जलमार्ग (मुम्बई से लंदन)

(ii) मास्को नगर

(iii) मेडागास्कर

(iv) इंदिरा पॉइन्ट

(v) आस्ट्रेलिया का कम जनसंख्या वाला क्षेत्र।

*अथवा*

दिये गये विश्व के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए :

(i) संयुक्त राज्य अमेरिका का कपास उत्पादक क्षेत्र

(ii) बॉम्बे हाई

(iii) कोलंबो नगर

(iv) न्यूजीलैण्ड

(v) केप-काहिरा रेलमार्ग।

**प्रश्न 16.** भारत को कृषि प्रधान देश क्यों कहा जाता है ? किन्हीं **पाँच** बिन्दुओं से समर्थन कीजिए। 5

*अथवा*

अधोभौमिक जल किसे कहते हैं ? भारत में इसके वितरण के **पाँच** लक्षण बताइए।

**प्रश्न 17.** खनिज साधनों का संरक्षण क्यों आवश्यक है ? इसके संरक्षण के उपाय बताइए। 6

*अथवा*

भारत में औद्योगिक विकास की प्रमुख उपलब्धियाँ बताइए।

**प्रश्न 18.** वर्तमान विदेशी व्यापार भारत के पक्ष में नहीं है, क्यों ? कारण लिखिए। 6

*अथवा*

बन्दरगाह व्यापार के प्रवेशद्वार क्यों कहलाते हैं ? समझाइए।